**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या: 14**
**सोमवार, 21 जुलाई, 2025 (30 आषाढ़, 1947, (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर**

## पंजाब में क्षेत्रीय हवाई सेवाएं और संपर्क

**14. श्री संत बलबीर सिंह:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार पंजाब राज्य के छोटे शहरों और कस्बों के लिए किफायती उड़ानें उपलब्ध कराने हेतु उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) जैसी योजनाओं के अंतर्गत क्षेत्रीय हवाई सेवाएं आरंभ करने या उनको बढ़ाने का विचार रखती है; और

(ख) क्षेत्रीय विमानन के माध्यम से पंजाब राज्य के ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में हवाई संपर्क बढ़ाने की भविष्य की क्या संभावनाएं हैं?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क): नागर विमानन मंत्रालय क्षेत्रीय संपर्क योजना – उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-'उड़ान') के अंतर्गत क्षेत्रीय हवाई संपर्क बढ़ाने की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। 'उड़ान' योजना का उद्देश्य पंजाब सहित देशभर के असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों को संपर्क प्रदान करके छोटे शहरों और कस्बों के नागरिकों के लिए हवाई यात्रा को वहनीय और सुलभ बनाना है। 'उड़ान' योजना के विभिन्न चरणों के अंतर्गत, पंजाब राज्य में आदमपुर, लुधियाना, पठानकोट और बठिंडा को जोड़ने वाले 34 आरसीएस मार्गों को प्रचालनरत किया गया है।

(ख): पंजाब में ब्यास और पटियाला हवाईपट्टियाँ बोली प्रक्रिया हेतु आरसीएस योजना दस्तावेज़ में उपलब्ध हैं। यदि कोई एयरलाइन 'उड़ान' योजना के आगामी चरणों में इन हवाईपट्टियों को जोड़ने के लिए वैध बोलियाँ प्रस्तुत करती है, तो योजना के प्रावधानों के अनुसार उस पर विचार किया जाएगा। सरकार ने हाल ही में 120 नए गंतव्यों तक क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने और अगले 10 वर्षों में 4 करोड़ यात्रियों को सेवा प्रदान करने के लिए संशोधित 'उड़ान' योजना की घोषणा की है।

*****